Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to approve the proposal to revive the pollutedWaldhuni and Ullas River flowing in Kalyan , Maharashtra.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद ।

मेरे चुनाव क्षेत्र कल्याण में वालधुनी और उल्लास नाम की दो नदियाँ हैं, जो 5 शहरों से होकर गुजरती हैं और लगभग 50 लाख लोगों को पेयजल प्रदान करती हैं । वर्षों से चले आ रहे प्रदूषण के कारण आज वालधुनी और उल्लास नदी इतनी प्रदूषित हो चुकी हैं कि उनमें बहने वाला पानी पूरी तरह प्रदूषित है । इन नदियों के दूषित होने का कारण यह है कि शहरों का अनट्रीटिड सीवरेज वाटर इन नदियों में जाकर मिलता है । इसी तरह से कारखानों का प्रदूषित पानी भी इन नदियों में जाकर मिलता है । पैसे की कमी के कारण इन नदियों के प्रदूषण से निपटने में यहाँ की म्युनिसिपल कारपोरेशंस असमर्थ हैं । इस प्रदूषण की वजह से वहाँ के सभी जल स्रोत दूषित हो चुके हैं, जिससे पीने के पानी की बड़ी गंभीर समस्या उत्पन्न हो चुकी है ।

महोदय, महाराष्ट्र सरकार ने वालधुनी और उल्लास नदी को पुनर्जीवित करने के लिए केन्द्र सरकार को क्रमश: 511 करोड़ रुपये और 37 करोड़ रुपये का प्रपोजल भेजा है ।

मैं आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय से यह दरखास्त करता हूँ कि वह जल्द से जल्द इस निधि का प्रावधान करे । धन्यवाद ।